हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 14.2 डिग्री

**तेलीकोट से शराब बंदी अभियान का आगाज, इसके खिलाफ पूरा गांव**



## खबर संक्षेप

### अब पेंशनर घर बैठे ही प्रस्तुत कर सकते हैं जीवन प्रमाण-पत्र

**जशपुरनगर।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर ने पेंशनरों के जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया को सरल करते हुए ''डिजीटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0'' लागू किया है। पेंशनर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र हेतु अपने एन्ड्राइड फोन में "आधार फेस आरडी (प्रारंभिक एक्सेस) एप्लीकेशन"और ''जीवन प्रमाण फेस ऐप एप्लीकेशन के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण-पत्र जारी कर सकते हैं। यह फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है। इसकी सहायता से पेंशनर, बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल फोन अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** धान की फसल देकर बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार झिलमिल भैयाथान अंतर्गत ग्राम रजबहरा निवासी मंगल साय आ. स्व. हरि प्रसाद (44 वर्ष) सोमवार को बाइक से खेत में लगी धान की फसल को देखने गया था। फसल को देखने के पश्चात वापस घर लौटने लगा तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चोरों ने घर से पार किया नकदी सहित सामान

**अम्बिकापुर।** साड़बार बेरियर के समीप चोरों ने एक घर में धावा बोलकर नगदी समेत 15 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। बिलासपुर रोड साडबार बेरियर निवासी रविशंकर गुप्ता आ. सुरेश कुमार गुप्ता (30 वर्ष) ने मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीती रात घर के सामने गुमटी में गया था जबकि परिजन घर में सो रहे थे। कुछ समय बाद घर गया तो देखा अलमारी खुला व सामान बिखरे हुए थे। अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 10 हजार रुपए के अलावा अन्य सामान गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### राशन वितरण नहीं करने पर ग्रामीणों ने की शिकायत

**कुसमी।** ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने राशन वितरण नहीं किए जाने की शिकायत एसडीएम से की। जिस पर एसडीएम ने राशन दुकान संचालक को राशन वितरण करने के निर्देश दिए। विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया के पास राशन नहीं वितरण करने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम करुण डहरिया ने ग्राम पंचायत मोती नगर के सरपंच सहित राशन वितरण करने वाले संचालक को बुलाया और राशन वितरण नहीं करने का कारण पूछा। संचालक ने बताया कि राशन वितरण मशीन के सही तरीके से नहीं चलने के कारण राशन वितरण नहीं किया जा पा रहा है। एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक को निर्देश देते हुए उक्त दुकान की जांच कर तत्काल ग्रामीणों को राशन वितरण करने का निर्देश दिए। एसडीएम करुण डहरिया द्वारा की गई त्वरित पहल पर ग्रामीण आश्वस्त होकर अपने घर वापस लौट गए।

## सूचना के दो घंटे में जशपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# घर से लापता युवती को सकुशल ढूंढ निकाला नारायणपुर पुलिस की तत्परता बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी तेज़ी और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया है। थाना नारायणपुर क्षेत्र की एक 20 वर्षीय युवती के गुम होने की सूचना पर पुलिस ने सिर्फ़ दो घंटे में युवती को सकुशल ढूंढ निकाला। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ने 28 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी 26 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। रात साढ़े सात बजे उसने किसी दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से कॉल कर बताया कि वह काम की तलाश में मुंबई जा रही है और उसे खोजने की जरूरत नहीं है। इसके बाद से उसका फोन बंद हो गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और सहेलियों से पूछताछ की पर युवती का कोई सुराग नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार कश्यप ने तत्परता दिखाते हुए युवती की गुमशुदगी दर्ज कर, टेक्निकल टीम की मदद से मोबाइल सर्विलांस पर लगाया। कुछ ही देर में पता चला कि युवती ग्राम कलिया सिहारडांड क्षेत्र में देखी गई है। पुलिस टीम ने परिजनों के सहयोग से मौके पर पहुंचकर युवती को सिहरडांड रोड पर चलते हुए सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह काम की तलाश में मुंबई जाने के इरादे से घर से निकली थी और दो दिनों तक अपनी एक सहेली के घर में रही। उसने यह भी स्पष्ट किया कि उसके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द कर राहत दी। इस कार्रवाई में आरक्षक अविनाश सोनी व अवीज खलखो का भी योगदान रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि नारायणपुर पुलिस ने प्रोफेशनल अंदाज़ में काम करते हुए मात्र दो घंटे में गुम हुई युवती को सकुशल ढूंढ निकालने में सफलता पाई है। यह पुलिस की सजगता और संवेदनशीलता का प्रमाण है।

# राज्योत्सव 2 से, लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव मनाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी होंगे मुख्य अतिथि
- सीईओ ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

सीईओ ने कहा कि जिले में रणजीता स्टेडियम में राज्योत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यकम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहेंगे। कार्यकम में सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित शासकीय योजनाओं और विकास से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जानी है। इसके लिए सभी विभाग प्रमुखों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को कलाकारों का चयन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच पंडाल एवं स्टॉल निर्माण की संपूर्ण व्यवस्था करने को कहा है। इसी प्रकार कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बांस बल्ली, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, माइक साउंड सिस्टम की व्यवस्था, लोक कला नृत्य व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, कार्यक्रम स्थल पर पानी टैंकर, चलित सुलभ शौचालय, साफ सफाई की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक चिकित्सा व इंटरनेट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।



### शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय भवनों में 1 से 5 नवंबर तक रोशनी की जाएगी। कलेक्टर रोहित व्यास ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालयों में स्थित सभी शासकीय भवनों पर 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम को प्रदर्शित करते हुए रोशनी करने के लिए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया है। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर श्री व्यास ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे हैं। जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




### पैरा दिव्यांग तैराकी में खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 2 सिल्वर मैडल किए हासिल

**जशपुरनगर।** बिलासपुर में मंगलवार को आयोजित 12 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड एवं दो सिल्वर मैडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में तैराक सतेंद्र राम ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और तीन गोल्ड मैडल हासिल किए। वहीं गोस्वामी पैकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो सिल्वर मैडल प्राप्त किए। सतेंद्र राम हैदराबाद में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन के लिए 4 लाख स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम तोरा निवासी स्व. भुटकुल का कुंए में डूबने से 17 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी रूखमणी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने गृह ग्राम बगिया में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान, छात्र और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

- आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने सभी की बातों को सुन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाएं जनता की सुविधा और विकास के लिए हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दें ताकि आमजन को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास भी मौजूद रहे। जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कुछ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संबंधित विभागों को जनहित के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन जनता के साथ है और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।





### अब प्रयास फाउंडेशन के नाम से जाना जाएगा केसला पाठ फाउंडेशन

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत तमता में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय केसला पाठ फाउंडेशन का नाम बदलकर अब प्रयास फाउंडेशन कर दिया गया है। मंगलवार को आयोजित बैठक में संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष शशि यादव ने बताया कि यह संस्था पिछले एक साल से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नाम बदलना नहीं, बल्कि सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करना है। अब प्रयास फाउंडेशन के रूप में संस्था समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाने का प्रयास करेगी। आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत कार्यों पर विशेष फोकस किया जाएगा।बैठक में मनीष शर्मा, अंकित नंदे, नारायण यादव, जगदीश यादव, शैलेश शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

# अंधे कत्ल के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अंधे कत्ल के आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। डॉग स्क्वाड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार।

- डॉग स्क्वायड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार

ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने 3 जनवरी 2024 को थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि सुनील देवांगन 2 जनवरी की शाम 7 बजे घुमने निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। सुबह 8 बजे करीब विजय शौच करने सोहन के खेत तरफ गया था तो देखा कि खेत में एक व्यक्ति शव पड़ा देख घटना की सूचना सरपंच पति को दिया। शव का पहचान सुनील देवांगन के रूप में हुआ मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना सूरजपुर में अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना निरीक्षक थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना दौरान मौके पर डॉग स्क्वाड की सहायता लेने पर डॉग मास्टर द्वारा मृतक सुनील देवांगन के कमरे में एवं पत्नी लक्ष्मी देवांगन की ओर इंगित करने एवं मुखबीरों ने भी मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवांगन तथा रामकुमार के साथ संबंध होने की सूचना मिली। लक्ष्मी देवांगन से पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार कर बताया कि उसका रामकुमार से संबंध होने एवं इसके बारे में पति सुनील को शक होने पर झगड़ा-विवाद करने पर दोनों ने सुनील को मारने की योजना बनाकर गमछा से सुनील के गले को दबाकर हत्या कर शव को कुछ दूर ले जाकर खेत में लिटा दिया। इसके अलावा प्रकरण में अन्य पुख्ता साक्ष्य संकलित करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण में डॉग क्वार्ड, फारेसिंक एविडेंस, कॉल डिटेल के आधार अपराध सिद्ध होने से आरोपी ग्राम नमदगिरी निवासी रामकुमार केंवट आ. स्व. गोपाल (32 वर्ष) एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील (28 वर्ष) को धारा 302, 34 भादसं. के अपराध हेतु आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 201, 34 भादवि के अपराध हेतु 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, हल्की वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से मंगलवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी गुरूवार तक तूफान के प्रभावी रहने एवं कहीं-कहीं मध्यम एवं मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान मोंथा का असली रूप समुद्र तट पर टकराने के बाद देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञानी तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद तेज हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तूफान का अधिक प्रभाव दक्षिण एवं मध्य छत्तीसगढ़ पर पड़ेगा साथ ही सरगुजा संभाग में भी इसका कमोवेश प्रभाव देखने को मिलेगा। मंगलवार को सुबह अच्छी धूप निकली। इस दौरान बीच-बीच में हवा के तेज झोंके भी चले। अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी 2.00 मिमी वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं। तेज हवा के कारण बादलों की आवाजाही जारी है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही रात में भी कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मंगलवार को समुद्र तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान 30 अक्टूबर तक प्रभावी रह सकता है।

# भाई की मौत की सूचना सुनकर जा रहे छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार की रात एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। काम करके घर लौट रहे एक युवक की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर मौत हो गई। इधर बड़े भाई के मौत की सूचना मिलने के बाद स्कूटी से घटना स्थल की ओर जा रहा छोटा भाई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था लेकिन बिलासपुर पहुंचने के बाद उसकी भी मौत हो गई। इधर साथ दो भाइयों की मौत के परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- चठिरमा के समीप खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत, इधर एनएच 130 पर छोटा भाई हुआ हादसे का शिकार

बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड एक ग्राम केवरी निवासी 35 वर्षीय योगेन्द्र पैकरा आ. स्व. अमरेस पैकरा सूरजपुर जिले के जयनगर अंतर्गत लटोरी में रहकर काम करता था। 27 अक्टूबर को योगेन्द्र काम करने के बाद रात 9.30 बजे बाइक से वापस लौट रहा था। इस दौरान गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम चठिरमा के समीप सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से बाइक सवार युवक टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना और युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव को उठवाकर मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त की गई। मृतक की शिनाख्त होने के बाद घटना की सूचना परिजन को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### रास्ते में छोटे भाई की मौत

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक योगेन्द्र पैकरा का छोटा भाई 29 वर्षीय तुसन पैकरा स्कूटी से घटना स्थल आने के लिए निकला था। भाई की मौत से सदमे में संभवतः युवक काफी तेज गति से स्कूटी चला रहा था इस दौरान रास्ते में तुसन भी कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़े बेटे की मौत और छोटे बेटे के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था लेकिन गंभीर रूप से घायल युवक तुसन पैकरा की बिलासपुर पहुंचने से पहले मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक कुल तीन भाई थे जिसमें योगेन्द्र मझला जबकि तुसन सबसे छोटा भाई था। दो भाइयों की मौत से परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया सड़कों की मरम्मत कार्य

# एनएच व लोनिवि 14 करोड़ रुपए की लागत से कराएंगे पैच वर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर को जर्जर सड़कों से अब मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद शहर के बीच मौजूद लोनिवि और एनएच की सड़कों के पैच रिपेयरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों ही विभागों द्वारा कुल मिलकर लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। इसमें जिले के साथ ही संभागभर में आने वाले वाली एनएच की प्रमुख सड़कें भी शामिल है। इस बीच लोनिवि ने सड़कों के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

**खास बात**

- लम्बी प्रतीक्षा के बाद जर्जर सड़कों का पैच रिपेयरिंग शुरू

सरगुजा में इस बार मानसून में जमकर बारिश हुई। समय से पहले पहुंचे मानसून के कारण सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ और फिर जोरदार बारिश के कारण सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई। वाहनों के आवागमन से सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गड्ढों और कीचड़ युक्त सड़क के कारण लोड आए दिन दुर्घटना के शिकार हुए। इस दौरान लोगों ने शहर में सड़कों के निर्माण को लेकर नाराजगी जाहिर की जबकि विपक्ष ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर के बीच में मौजूद प्रमुख व्यावसायिक मार्गों के साथ ही कई सड़कें एनएच और लोक निर्माण विभाग के अधीन है। ऐसे में इन सड़कों के रख रखाव और मरम्मत का कार्य इन विभागों को ही करना है। जर्जर सड़कों के मरम्मत और पैच रिपेयरिंग के लिए दोनों ही विभागों द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे गये थे। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर सहित जिलेभर की सड़कों के 6 करोड़ रुपए के 6 टेंडर जारी किए थे। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से शहर के ब्रम्ह रोड, गुदरी से प्रतापपुर रोड, खैरबार रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों के पैच रिपेयरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है लोनिवि द्वारा पैच रिपेयरिंग किए जाने से लोगों को राहत मिल सकेगी।




पैच रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति छात्रों के लिए श्रेष्ठ योजना अंतर्गत आवेदन 30 तक

**बलरामपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ(स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरिया) योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत निजी विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना, पिछले तीन वर्षों के दौरान कक्षा 10वी और 12वी में कम से कम 75 प्रतिशत से उत्तीर्ण, तथा कक्षा 9वी और 11वी में अतिरिक्त अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) के माध्यम से कक्षा 9वी और 11वी में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वी तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय वास्तविक या निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, के अनुसार शिक्षण और छात्रावास शुल्क सीधे स्कूलों को हस्तांतरित करके वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विद्यार्थियों को कोई शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता है। इसके अलावा, शैक्षणिक समायोजन में सहायता के लिए ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क के 10ः तक का प्रावधान है। वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

### ग्राम दोलंगी में ग्रामीण के घर से 350 बोरी अवैध धान जब्त



**अम्बिकापुर।** धान खरीदी शुरू होने के पूर्व ही प्रशासन की संयुक्त टीम गांव-गांव में घूमकर कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के लिए भण्डारित किए गए धान के जब्त करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। धान खरीदी शुरू होने पर प्रशासन की सख्ती बढ़ने की संभावना पर कोचिए अभी से ही बाहर का धान भण्डारण करना प्रारंभ कर दिए है। अवैध धान भण्डारण की सूचना पर राजस्व विभाग टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम दोलंगी निवासी नुरानी अंसारी द्वारा बाहर से लाकर अपने घर में भण्डारित किए गए 350 बोरी धान को जब्त किया है। तहसीलदार आईसी यादव के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की।

### सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



**कुसमी।** सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा तथा कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय राजमार्ग शंकर घाट के समीप खराब सड़क को लेकर दो दिन पूर्व 24 अक्टूबर की दोपहर आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र बहादुर सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया तथा सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज पर अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया है। सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपा के पदाधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है। आज भाजपा पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप अमर्यादित शब्दों का उपयोग करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र बहादुर सिंह सहित उनके सहयोगियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### बैगर अनुमति काट रहे नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के पेड़

# शंकरगढ़ क्षेत्र में सक्रिय हुए लकड़ी तस्कर एक जगह एकत्रित कर करते हैं तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से करते है तस्करी

इन दिनों शंकरगढ़ क्षेत्र में बगैर अनुमति बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है। क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के सक्रिय हो जाने से ग्रामीणों ने तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन लकड़ी तस्कर अब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए उनके बाड़ी व खेत के नीलगिरी पेड़ के अलावा अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ पर पड़ गई है जो चंद रूपए देकर पेड़ कटाई कर औने-पौने दाम पर बेच देते है। कुछ इस तरह की स्थिति शंकरगढ़ के आस पास के क्षेत्रों की है जहां बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। शंकरगढ़ से मनोहरपुर जाने वाली मुख्य मार्ग ग्राम पंचायत मानपुर में आसानी से देखा जा सकता है। सड़क के किनारे की नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के बड़ी संख्या में पेड़ काटी गई है जिसे ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों में लोड आसपास क्षेत्र के अलावा दूसरे राज्यों में खपाए जा रहे है। जब क्षेत्र के लोगों ने ट्रैक्टर ड्राइवर से पूछताछ किया तो चालक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जबकि ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर भी नहीं लगा हुआ है। ड्राइवर ने बताया कि उसका ठेकेदार कमारी भदार गांव का खुर्शीद खान है जो कि सभी जगह से पेड़ काटकर एक जगह एकत्रित करने के पश्चात लकड़ी को बाहर भेजता है। ग्रामीणों द्वारा जब उनके पास पेड़ काटे जाने हेतु परमिशन एवं दस्तावेज की मांग की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके।इधर वन विभाग के पदाधिकारी सड़क किनारे स्थित पेड़ को राजस्व विभाग अंतर्गत आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में बगैर अनुमति नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है और किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से लकड़ी तस्करों के हौसले काफी बुलंद हो गए है।



सड़क किनारे काटे गए पेड़।

**सीमावर्ती प्रदेश में खपा रहे लकड़ी**

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में बिना अनुमति पेड़ों काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर जिले के अलावा सीमावर्ती प्रदेश भेज रहे है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि जिस ट्रैक्टर व भारी वाहन में लकड़ी ले जाया जा रहा है वे सभी वाहन दूसरे प्रदेश के ही है।

**देते है धमकी**

क्षेत्र के लोग जब चालक से पूछताछ किया तो चालक ने ठेकेदार खुर्शीद का नाम बताया। जब लोगों ने फोन कर परमिशन के संबंध में पूछा तो वह बताया कि बाकी जगह परमिशन लेकर पेड़ काट रहे हैं परंतु उस जगह का परमिशन मेरे पास नहीं है साथ ही धमकी देने लगा। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से अवैध लकड़ी तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**नहीं है जानकारी**

शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानपुर में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। टीम गठित कर जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनमोल टोप्पो
एसडीएम शंकरगढ़



# 11 करोड़ 40 लाख की लागत से एनएच में बनेंगी दो सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने किया भूमिपूजन
- करीब 10 किलोमीटर लम्बी दूरी की बनेंगी दो नई सड़कें

महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से मंगलवार को 11 करोड़ 39 लाख 63 हजार रुपए की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का मंगलवार को भूमि पूजन किया गया,पहला स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से नया कृष्ण मंदिर होकर सिलफिली बनारस रोड तक कुल 5.20 किलोमीटर लंबाई में होगा। जिस पर 6 करोड़ 90 लाख 68 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

दूसरा कार्य एनएच 43 से नवापारा दुर्गाबाड़ी होकर रविन्द्रनगर तक 3.96 किलोमीटर सड़क निर्माण का है,जिसकी लागत 4 करोड़ 48 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत की गई है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद आसपास के सैकड़ों ग्रामीण परिवारों को न केवल आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि, कृषि उत्पादों के परिवहन में तेजी और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार हर गांव तक पक्की सड़क, हर परिवार तक विकास के संकल्प को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल रास्ते नहीं, बल्कि गांव की तरक्की की धमनियां हैं। इन सड़कों से न सिर्फ लोगों का जीवन आसान होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच भी सुगम बनेगी। क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण योजनाओं को भी प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, गौरांग मंडल, बुलचू राजवाड़े, कृष्णपाल बिंझिया,विभागीय अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में कच्ची सड़कों की वजह से गांव तक पहुंचना मुश्किल होता था। अब पक्की सड़क बनने से न केवल उनका जीवन सुगम हो सकेगा।

# गोबरी नाला पुल के ध्वस्त होने के बाद अब अस्थायी मार्ग ने दी राहगीरों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

- मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाने से राहगीर थे परेशान

गंगोटी बांसापारा से डुमरिया को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित गोबरी नाला पुल के टूटने से महीनों तक आवागमन बाधित रहा जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब अस्थायी डायवर्सन बनने के बाद सुचारू हो गया है। करीब दस दिनों से ग्रामीण बिना लंबा चक्कर लगाए सीधे मार्ग से आवाजाही कर पा रहे हैं।

बारिश में लगातार पानी के तेज बहाव से पुल का अधिकांश हिस्सा ध्वस्त हो गया था, जिससे दर्जनभर से अधिक गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया था। मरीजों, स्कूली बच्चों तथा किसानों को मुख्य मार्ग तक जाने के लिए लगभग 20 किलोमीटर तक की अतिरिक्त दूरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा था। स्थिति यह थी कि गर्भवती और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल हो गया था।



भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल व सेतु विभाग की देखरेख से गोबरी नाला के बगल से 10 ह्यूम पाइप लगाकर रेत भरे बोरे के सपोर्ट व ऊपर मुरूम मिट्टी भरकर अस्थायी मार्ग तैयार किया गया है। फिलहाल बाइक, कार व छोटे वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रूप से हो रही है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, परंतु वर्षा में जलस्तर बढ़ने पर यह मार्ग फिर संकट में आ सकता है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण की मांग दोहराई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, ऐसे में पुल निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी स्थानीय विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर डालेगी। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि शासन-प्रशासन इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द मजबूती से स्थायी पुल निर्माण की दिशा में कदम उठाएगी। स्थानीय ग्रामीण सौरभ साहू, राजेश साहू, नीतीश साहू, ललित राजवाड़े, टीमल सिंह,उजाला ठाकुर, राम बहल सिंह, राजेश्वर साहू, भैयालाल देवगन, ओमप्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, रमेश यादव ने त्वरित पहल हेतु मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सराहना की। साथ ही अतिशीघ्र पुलिया स्वीकृत कराने की मांग की है।

# महामना मालवीय मिशन के सदस्यों ने किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन द्वारा गीता पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन पेंशनर्स समाज के उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौबे के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में गीता के पांचवे अध्याय एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

आध्यात्मिक संगोष्ठी में गीता मर्मज्ञ दुर्गाप्रसाद तिवारी ने कहा कि पंचम अध्याय में 29 श्लोक है जिसमें 1 में अर्जुन का प्रश्न तथा 28 श्लोकों में भगवान श्रीकृष्ण का उत्तर है। गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। मनुष्य को असक्ति को त्यागकर कर्म करना चाहिए। जल में कमल की भांति जीने की कला में पारंगत होने की जरूरत है। इससे भगवत प्राप्ति रूप आत्मशांति की प्राप्ति होती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ.वीके सिंह ने कहा कि शिक्षा से विद्या ज्ञान प्राप्त कर व्यक्ति आत्मोत्थान करता है। आत्मशुद्धि ही ईश्वर प्राप्ति का सुगम



मार्ग है। मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण ने कर्म और सांख्य योग की शिक्षा अर्जुन को देकर उनके संशय जनित शोक को दूर किया। जयप्रकाश चौबे ने कहा कि फल की इच्छा त्याग कर कर्म करते हुए अपने कर्म भगवान को समर्पित करने से असीम शांति मिलती है। उन्होंने मालवीय मिशन के प्रयासों की सराहना की। पं.रामनारायण शर्मा और डॉ.जीके अग्रवाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीराधा कृष्ण को समर्पित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति अंशिका पाण्डेय, अवनी चौबे, खुशबू दुबे, नीलम पाण्डेय, प्रत्तयुष दुबे, पाखी पंकज कुमार चौबे ने दी। मिशन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रकाश कश्यप ने दी। संचालन राजनारायण द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान सचिदानंद पाण्डेय, जगदीश प्रसाद गुप्ता, जय गुप्त, हरिशंकर सिंह, आरएन अवस्थी, टीआर यादव, अशोक सोनकर, सौरभ पाण्डेय, पुरषोत्तम मिश्रा, प्रतीक कश्यप, सतेंद्र कुमार दुबे, दीपक कुमार दुबे, मुकुंदलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# बघेल के खिलाफ अग्र समाज ने खोला मोर्चा

- एफआईआर की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**अंबिकापुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छग क्रान्ति सेना के प्रमुख अमित बघेल द्वारा दी गई विवादित टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज का आक्रोश भड़क उठा। अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान

अग्रवाल महासभा के संजय अग्रवाल व शुभम अग्रवाल ने बताया कि अमित बघेल द्वारा अग्र समाज के अराध्य भगवान अग्रसेन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय व सिंधी समाज के देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है। इससे समाज आहत और आक्रोशित है। अमित बघेल के द्वारा समाज के खिलाफ गलत बातें की गई। इस लिए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने



बताया कि प्रदेश भर में शिकायत दी गई है और यदि अपराध दर्ज नहीं किया जाता है बड़े पैमाने पर आन्दोलन किया जाएगा। बता दें कि रायपुर में छग महतारी की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया था जिसके खिलाफ छग क्रान्ति सेना के प्रमुख अमित बघेल के साथ लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान अमित बघेल ने अग्रवाल समाज के साथ ही सिंधी समाज व पं. दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की गई थी।

# खस्ताहाल सड़क के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई यात्रियों से भरी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- पट्टा टूटने के बाद उतरी सड़क से नीचे

बलरामपुर जिले में एनएच 343 की जर्जर हालत एक बार फिर हादसे का कारण बनी। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बलरामपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही आदर्श बस पस्ता थाना क्षेत्र के पस्ता और बासेन के बीच अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गड्ढे में जा घुसी।

इस घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित



दुर्घटनाग्रस्त बस।

बच गए। इस संबंध में पस्ता थाना प्रभारी विमलेश सिंह ने बताया कि बस डाल्टनगंज से अंबिकापुर की ओर जा रही थी। खराब सड़क और झटकों के कारण बस का पट्टा टूट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर नीचे उतर गया। सौभाग्य से बस एक कटी हुई पेड़ के सहारे रुक गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने एनएच 343 की मरम्मत कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन वाहन फंस जाते हैं या पलट जाते हैं लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क सुधार कार्य कराने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### पंजीयन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# खरीफ वर्ष के प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष कार्यक्रम निर्धारण पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में खरीफ वर्ष के प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की समीक्षा बैठक रखी गई थी। एपीसी बैठक में प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने संभाग से उपस्थित समस्त जिले के कलेक्टर को शासन



की मंशा से अवगत कराते हुए उन पर खरा उतरने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अमला योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु योजनाओं के अद्यतन स्थिति की रेगुलर मॉनीटरिंग करे और भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने किसानों को धान के अतिरिक्त दलहन तिलहन व अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित करने व शासन की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध उपलब्ध कराए जाने तथा एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत पंजीयन की कार्ययोजना की प्रगति पर विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शीघ्र पंजीयन गैप को नगण्य करने की दिशा में सभी कार्य करें। बैठक में सरगुजा संभाग के केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की वित्तिय प्रगति, मिट्टी परीक्षण, बीजों के वास्तविक मांग, रबी फसल हेतु ज्यादा से ज्यादा कृषक को प्रेरित करें व केसीसी लोन सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय स्तर पर फसलों की उपज बढ़ाने की दिशा में कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए। एपीसी बैठक में खरीफ में धान के रकबे में कमी एवं फसल विविधीकरण, रबी 2024-25 की तुलना में क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा रबी, ग्रीष्म अल्पकालीन फसल ऋण वितरण में वृद्धि की रणनीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र एफआरए एवं पीवीटीजी कृषक तथा अन्य संदिग्ध प्रकरण का समय सीमा में सत्यापन तथा समय सीमा में एग्रीस्टेक अंतर्गत पंजीयन की कार्य योजना, रबी 2026-27 की संभावित बीज मांग के दृष्टिगत रबी 2025-26 में फसलवार बीज उत्पादन कार्यक्रम की कार्ययोजना, ऑयल पॉम के क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाले बीजों की फसलवार, योजनावार दर तथा इनके वितरण के अनुप्रयोग इत्यादि बिंदुओ पर चर्चा की गई।

# रजत जयंती महोत्सव पर 9 हजार से अधिक पीएम आवास योजना के हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। इनमें सरगुजा जिले के 9368 हितग्राही शामिल हैं, जिनके पक्के घरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत मई 2025 से अब तक राज्य में 3.51 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। सरगुजा जिले में भी इस अवधि में 9368 आवासों का निर्माण संपन्न हुआ है। राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को जिले के सभी ग्राम




पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत नवनिर्मित घरों को दीपों, रंगोली और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया जाएगा। लाभार्थियों को खुशियों की चाबी, आभार पत्र या स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी जोरों पर है। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तैयार की है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजन की सफलता के लिए रोजगार सहायकों, आवास मित्रों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।

लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।



हॉलीवुड मसाला




# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई



वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।

# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।





# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इटः वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इटः वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद ने की शिरकत

**कटेली।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सारंगढ़ का दौरा किया। जिसमें उन्होंने पहले तो बैगीनडीह में सीताराम पटेल परिवार से भेंट कर ग्रामवासियों को स्वदेशी अपनाने प्रेरित किया। वहीं भाजपा कार्यालय में सेवा निवृत्त डीएफओ बडगैया के साथ सभा को संबोधित करते हुए जीएसटी रिफॉर्म के बारे में बताते हुए कहा की जीएसटी के नए स्वरूप से सभी वर्ग को लाभ हो रहा है। जिससे आम जनता के दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं और विलासिता की वस्तुएं ही महंगी हुई हैं तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और आत्मनिर्भर बन रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, जगन्नाथ केशवानी, भुवन मिश्रा, सुमंत यादव, दुर्गा ठाकुर, अरुण यादव, गुड्डू, मनोज जायसवाल, अवधेश ठेठवार, हरिनाथ खूंटे सहित भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### जन सुनवाई में समस्याओं का हुआ निराकरण

**राजगांगपुर।** ब्लॉक परिसर में जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त जन शिकायत सुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र और एसपी श्रीमती अमृतपाल कौर स्वयं उपस्थित रहीं और आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना।
सुनवाई के दौरान 120 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 30 व्यक्तिगत और 80 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता से संबंधित 10 आवेदन भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, राउरकेला वन प्रभाग अधिकारी यशवंत सेठी, सदर उपजिलापाल तेजस्विनी बेहरा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर रहा शिक्षाप्रद और मनोरंजक

**पुसौर।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से सम्बद्ध अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शाउमावि महलोई में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पूर्व संध्या के अवसर पर पहुंची। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद नंद कुमार पटेल, विश्व विद्यालय रायगढ़ प्रोफेसर रवीन्द्र कौर चौबे, सरपंच तरुण कुमार प्रधान, सेवानिवृत्त लेखापाल डगर प्रधान, सेवा निवृत्त शिक्षक जयराम प्रधान, अभिनव शिक्षण समिति पुसौर के अध्यक्ष दिलीप पांडेय कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, समाजसेवी मनोरंजन साहू, श्रीमती खीर कुमारी डनसेना, महलोई शिक्षण समिति अध्यक्ष फत्तेचंद प्रधान उपसरपंच पंचगण प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी कार्यक्रम अधिकारी विश्वजीत साव सहायक कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार विश्वाल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम कोडपाली के शिक्षक शिक्षिकाओं बच्चों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मनोरंजन साहू ने अपने उद्बोधन में विद्या मंदिर की प्रसंशा करते हुए लगातार आठ वर्षों से अनवरत शिविर हेतु धन्यवाद ज्ञापित किए तथा एनएसएस के इतिहास बारे में जानकारी दी।

### कलाकार मंच की नई समिति गठित

**सुंदरगढ़।** स्थानीय संस्कृति भवन में पश्चिम ओडिशा कलाकार मंच की ओर से नुआखाई भेंटघाट 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन एसटीओ अध्यक्ष, सिने अभिनेता प्रदीप दत्ता, लेखक व गायक दुर्गा माधव पंडा तथा ऑल इंडिया आर्टिस्ट एंड कल्चरल कमेटी के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम में पश्चिम ओडिशा के 13 जिलों के विभिन्न कलाकारों ने भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर मंच की नई समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया और विकासमुलक कार्यक्रम को निष्पादन करने का निर्णय लिया गया।

युवाओं और महिलाओं की जागरूकता से लोगों में जगी आस

# तेलीकोट से शराब बंदी अभियान का आगाज, इसके खिलाफ पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



शहर से लगे हुए तेलीकोट गांव में आज वह महत्वपूर्ण क्षण आया, जब पूरे गांव ने नशे की जंजीरों को तोड़ने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत तेलीकोट में महिला समिति के द्वारा यादव मोहल्ला में शांति बैठक का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय कच्ची शराब बंदी रहा। यह बैठक पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। इसके पश्चात महिलाओं ने पूरे ग्राम के विभिन्न मोहल्लों में रैली निकालकर नशा के खिलाफ नारेबाजी की।

युवा पंचायत प्रतिनिधियों से लैस सक्रिय पंचायत के सहयोग और मार्गदर्शन में आयोजित इस जन जागरण सभा में युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति रही। उपस्थित जनसमूह ने यह दृढ़ संकल्प लिया कि अब ग्राम तेलीकोट में कच्ची शराब बंदी के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। सभा में उपस्थित युवाओं ने कहा कि नशा के सेवन से समाज की जड़ें खोखली हो जाती हैं। शराब से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, परिवार की खुशियों, बच्चों की शिक्षा और गांव की शांति को भी शराब की लत लील जाती है। शराब के कारण कई नई समस्याएं पैदा होती है। एक नशेड़ी पिता अपने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करता है। हमें इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ना ही होगा। महिलाओं की सक्रियता इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनी। गांव की महिलाओं ने घर घर जाकर लोगों से नशा छोड़ने की अपील करने का संकल्प लिया। सक्रिय महिलाओं ने एक स्वर में कहा किए हमने बहुत सहा है लेकिन अब नहीं। जब तक गांव का हर घर नशामुक्त नहीं होगा, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमारी बेटियों और बच्चों का भविष्य अब शराब की बोतल में नहीं डूबेगा। शराब बनाने, बेचने व पीने के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच आरती मोनू, उप सरपंच आगास गणपत दास महंत, बीडीसी धनंजय बायल डीडीसी बलदेव कुर्रे, अरविंद बंजारे, युवराज बंजारे, अरूण कुर्रे, दिलीप महीष सहित समस्त पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**शराब नहीं शिक्षा और एकता में ताकत**

बैठक में युवाओं ने जागरूकता की मिसाल दिखाई जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। ग्राम के युवा पंचायत प्रतिनिधि ने कहा किए हम युवाओं को यह समझना होगा कि असली ताकत हाथों में शराब की बोतल नहीं, बल्कि शिक्षा और एकता में है। गांव तभी आगे बढ़ेगा, जब हर युवा अपनी जिम्मेदारी समझेगा। शराब का अभिशाप पूरे गांव को ले डूबेगा। हमें आने वाले अपने बच्चों की भविष्य का ख्याल रखना ही होगा और किसी भी तरह शराब बनाने, बेचने व पीने को प्रतिबंधित करना होगा। इस बैठक में पंचायत की बड़ी भूमिका रही। ग्राम सरपंच ने सबकी इच्छा व सहयोग से शराबबंदी के संकल्प को दोहराया। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा किए पंचायत का उद्धेश्य विकास कार्य के अलावा सामाजिक परिवर्तन लाना भी है। हमने यह तय किया है कि ग्राम पंचायत की बैठकों में अब कच्ची शराब बंदी पर विशेष चर्चा होगी। पंचायत इस अभियान को निरंतर जारी रखेगा। बैठक में शिक्षा पर भी रौशनी डाली गई व हर नागरिक ने माना कि शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अंधकार को मिटा सकती है। नशे का अंधेरा तभी खत्म होगा जब हर बच्चा शिक्षित और हर युवा सचेत होगा। नशामुक्त तेलीकोट का सपना अब गांव की नई पहचान बन चुका है।



## कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक ने 28 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हेओना के खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने तथा गांव मोहल्ले के पंगडंडियों पर खेलने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है। खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि अजय जवाहर नायक, विशिष्ट अतिथि चूड़ामणि पटेल, राधामोहन पाणिग्राही, अध्यक्ष स्थानीय सरपंच श्रीमती मदन कुमारी शौकीलाल सहिस और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरलीधर पटेल, जयरतन पटेल, ईश्वर साहू, बिलाईगढ़ सरपंच भुवन मालाकार, बरगांव सरपंच हितेश मालाकार, छेवारीपाली सरपंच अरूण सिदार, उपसरपंच साल्हेओना प्रदीप पटेल, जयप्रकाश पटेल, नंदलाल पटेल, टीकाराम चौधरी, श्रीमती चंचला चौधरी, महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारी ग्राम पंचायतों के सचिव गण, शिक्षक-शिक्षिका,प्रतिभागी गण एवं भारी संख्या में दर्शक ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।

### छेवारीपाली की टीम ने की जीत दर्ज

कबड्डी प्रतियोगिता में पहला मैच ग्राम छेवारीपाली और बिलाईगढ़(अ) के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों की प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लिहाजा मैच टाई हो गया जिसके उपरांत पुनः कराया गया जिसमें ग्राम छेवारीपाली की टीम ने बिलाईगढ (अ) को 03 अंकों से परास्त कर विजय हासिल किया।

### तीन चरणों में होंगे प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता तीन चरणों में कलस्टर, जोन फिर विकासखण्ड स्तरीय आयोजित होंगे। प्रथम चरण में साल्हेओना कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में कुल नौ ग्राम पंचायतें क्रमशः साल्हेओना, गोबरसिंहा, मानिकपुर (बड़े), छेवारीपाली, बरगांव, बिलाईगढ़ (अ), कटंगपाली (अ), नौघटा एवं मारोदरहा शामिल है। सांसद खेल महोत्सव 2025 में दस प्रकार का खेल आयोजित होंगे। जिसमें एकल विधा अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद,गेड़ी दौड़, फुगड़ी, बैडमिंटन होंगे तो वहीं दलीय विधा में खो-खो, कबड्डी, बालीबाल और रस्साकसी शामिल है।

## छाल क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

**कुड़ेकेला।** छाल क्षेत्र में छठ पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छठ पूजा एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है। यह पर्व सूर्य देव को समर्पित है। धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से इस पर्व की काफी महत्ता है। यह पर्व कार्तिक मास के छठवें दिन मनाया जाता है। रायगढ़ जिले के छाल एवं कुड़ेकेला क्षेत्र में भी छठ पूजन कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर व्रतियों द्वारा खरना प्रसाद ग्रहण और वितरण किया गया। छाल में डूबते सूर्य को अर्घ देकर आज उगते सूर्य को अर्घ देने के बाद तीन दिन का छठ पूजा का समापन किया जाएगा। छठ महा पर्व में व्रतियों पहले डूबते सूर्य को अर्घ अर्पित उगते सूर्य को भोर में अर्घ्य यानी दूध अर्पित कर पूजा विधि का समापन हुआ। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश का लोकप्रिय पर्व है छठ पूजाछठ पूजा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में बेहद खास और लोकप्रिय पर्व है।



### फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**राउरकेला।** चावल चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी सागर प्रधान आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। 29 वर्षीय सागर प्रधान, पिता सिकुमार प्रधान, निवासी राजीव बस्ती, रघुनाथपाली थाना क्षेत्र को पूर्व में 23 अक्टूबर को आरपीएफ पोस्ट राउरकेला में दर्ज मामले के तहत पकड़ा गया था। 24 अक्टूबर को इलाज के दौरान आरोपी आरजीएच अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। उसकी पुनः गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 26-27 अक्टूबर की रात आरपीएफ और रघुनाथपाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने पानपोष बस्ती में छापेमारी कर उसे दबोच लिया।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत, दो बाल-बाल बचे

**सरिया।** तेज एवं लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए मकान निर्माण की सामग्री लेकर गांव जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटना होने पर ट्रैक्टर में सवार ग्रामीण की मौका पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक एवं एक अन्य ग्रामीण बाल बाल बचे। घटना मंगलवार सुबह 12 की है। घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल से शव को निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत होने पर गांव में मातम व्याप्त है।



सरिया परसरामपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह 12 बजे ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए गांव की ओर जा रहा था। इसी बीच सरिया परसरामपुर बिजली सब स्टेशन के पास सड़क किनारे खाई में ट्रैक्टर गिर गई। और ट्राली पलट गई। ट्रैक्टर में ग्राम सुरसी निवासी व प्रतिष्ठित नागरिक प्रताप साहू स्वयं अपने घर निर्माण के लिए सरिया से सीमेंट व सरिया लोहा एवं अन्य सामग्री खरीद कर ले जा रहा था। इसी दौरान विद्युत सब स्टेशन के पास ट्रैक्टर दुर्घटना हो गई। जिसमें प्रताप साहू 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक एवं एक अन्य व्यक्ति ट्रैक्टर से कूद कर जान बचायी। घटना के बाद सरिया परसरामपुर रायगढ़ मार्ग पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर वे तत्काल घटनास्थल पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे प्रताप साहू ग्रामीण को बाहर निकाल और आगे की कार्रवाई हेतु बरमकेला रेफर किया गया। बताया जाता है कि ग्राम सुरसी में भागवत कथा का आयोजन हो रहा है और बुधवार को भागवत कथा विराम होगा। इस बीच गांव के प्रतिष्ठित नागरिक प्रताप साहू का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर गांव में मातम पसरा है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

**रायगढ़।** 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध रहना चाहिए।

## विधानसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**धरमजयगढ़।** विधानसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सांसद निवास छर्राटांगर में रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार को दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और हमारी संगठन को एक लगभग वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। हमारी सांगठनिक ढांचा को हमें दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

पंचपरमेश्वर, त्रिदेव, मंडल पदाधिकारी और पूरी कार्य समिति में आपसी सामंजस्य तालमेल बनाकर रखने की जवाबदारी मंडल अध्यक्षों की है। किस मतदान केन्द्र पर हमारा प्रदर्शन कैसे रहा इसकी समीक्षा करते हुए वहा कैसे हमें और अच्छा सफलता कैसे मिलेगी इसकी चिंता हम सबको करने की आवश्यकता है। भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, 35 किलो प्रति माह मुफ्त में चावल, किसान सम्मान निधि को जनता को बताने का कार्य करने की जवाबदारी मंडल अध्यक्षों की है। अपने अपने मंडलों में कोर कमेटी गठित कर किसी भी निर्णय को सामूहिक करने का कार्य मंडल अध्यक्षों को करना है। पिछले दिनों मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों के लिए मंडल अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को भी और अच्छे ढंग से करने की बात जिला अध्यक्ष ने कही। वही हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित बूथ लेवल एजेंटों के प्रशिक्षण में कम उपस्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। मुख्य अतिथि और सांसद राधेश्याम राठिया ने समिति को सदस्यों को संबोधित करते हुए सभी को धनतेरस दीपावली की बधाई दी और यह एक तरह से दीपावली मिलन समारोह भी है। सभी की व्यस्तता है इसके बावजूद आप सब पार्टी के कार्यों में लगे हैं और निरंतर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में लगे हैं। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचाने में अहम कड़ी का कार्य कर रहे हैं। जिला भाजपा महामंत्री जतिन साव ने आगामी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को रायपुर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने सबका सौभाग्य बताते हुए कहा कि राज्य के निर्माण और निर्माण के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को भी देखेंगे।



## डॉ.मनीषा को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**रायगढ़।** आत्मनिर्भर संकल्प अभियान से प्रेरित होकर आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम सम्मान समारोह में राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी को उनकी बहुमुखी प्रतिभा, नवाचार, उत्कृष्ट अध्यापन कार्य सह विद्यालय संचालन, सतत्रुप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, साहित्य एवं समाज सेवा हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक, वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने डॉ.मनीषा त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए चांदमारी स्कूल व संकुल का गौरव बताया। इस अवसर पर रायगढ़ नगर पालिक निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान, भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शोभा शर्मा समस्त वार्ड पार्षद ज्योति यादव, अमित शर्मा, मो. नवाब खान, अन्नू सारथी, महेन्द्र यादव विधि प्रकोष्ठ, अन्य भाजपा पदाधिकारी, सदस्यगण एवं वार्ड वासियों की उपस्थिति रही। डॉ.मनीषा त्रिपाठी को अनेकों सम्मान जिसमें मुख्यतः गुरु सम्मान, महिला शिखर सम्मान, सद्भावना शिखर सम्मान, आदर्श शिक्षक सम्मान, नारी शक्ति सम्मान, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण एवं राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई हैं।

## धान की अवैध आवक को रोकने लगा बेरियर

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में समीपस्थ राज्य ओडिशा से आ रहे अवैध धान को रोकने लारा, रेंगालपाली, तथा बिंजकोट में बेरियर लगाया गया है।

यहां 3 शिफ्ट में में एक शासकीय कर्मचारी के साथ 2 कोटवार की ड्यूटी लगाई गई है। पूर्व में इस तरह के ड्यूटी में एक पटवारी अथवा कृषि विभाग के लोग शामिल होते थे, लेकिन इस वर्ष केवल एक पंचायत सचिव या रोजगार सहायक के साथ में आसपास के दो कोटवार इस काम को अंजाम रहे हैं। रेंगालपाली बेरियर में धान के आवक पर लगातार कार्रवाई हो रही है जिनके दस्तावेज वैध पाए जाने से उन्हें छोड दिया जा रहा है। आठ घंटे के अपने ड्यूटी में संबंधित कर्मचारी अपने व्यवस्था में समय काटते हैं जिसमें किसी भी प्रकार का शासकीय राहत नहीं होती। बताया जाता है कि इस बीच इन्हें खाने पीने के लाले पड़ जाते है जिसमें ये कभी कभी वहीं खाना बना के खा लेते हैं अथवा एक-एक कर के ये अपने घर से खाना खाकर आ जाते हैं।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

सांसद ने तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

## 12 नवम्बर को जिले में होगा यूनिटी मार्च का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, जनभागीदारी तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करने और उनकी एकता की भावना को जन जन तक पहुंचाने के लिए रायगढ़ में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबकी सामूहिक सहभागिता से यह कार्यक्रम भव्य रूप लेगा और रायगढ़ जिले को एक नई पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सांसद श्री राठिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में युवाओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह आयोजन पूरे क्षेत्र की पहचान बन सके। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए गांव-गांव में मुनादी कराने, दीवार लेखन करने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर और सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण की जाएँ, ताकि आयोजन सफल, भव्य और प्रेरणादायी बन सके।

सांसद श्री सिंह ने कहा कि इस अवसर पर महापुरुषों के योगदान को स्मरण करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों के बलिदान और योगदान से लोगों को अवगत कराया जाए, ताकि नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिल सके।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias,Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411